भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2537

02 अगस्त, 2022 को उत्तर के लिए नियत

इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा

2537. श्री संजय काका पाटील:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं से संबंधित हाल के मामलों पर ध्यान दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों के संबंध में बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) से (ग): जी हां। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से प्राप्त सूचनानुसार, इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा संबंधी वर्तमान समस्याओं के समाधान के लिए डीआरडीओ, भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु और नौसेना विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (एनएसटीएल), विशाखापत्तनम के स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था।

निम्नलिखित विनिर्माताओं ने अपने वाहन वापस लिए हैं:

i. ओकीनावा ने 16 अप्रैल, 2022 को 3,215 वाहन वापस लिए हैं।
ii. प्योर ईवी ने 21 अप्रैल, 2022 को 2,000 वाहन वापस लिए हैं।
iii. ओला इलेक्ट्रिक ने 23 अप्रैल, 2022 को 1,441 यूनिट वाहन वापस लिए हैं।

इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए घटकों का परीक्षण केंद्रीय मोटर यान नियमावली, 1989 के नियम 126 में यथानिर्दिष्ट संगत मानकों के अनुसार किया जाता है ताकि अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

******